प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं.159/2026)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

मसौदा दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं डीआरएम-बेस्ड डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम्स ऑडिट मैनुअल, 2026 पर हितधारकों की टिप्पणियॉ प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि बढ़ाई गई

नई दिल्ली,17 नवम्बर 2026 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने हितधारकों की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए 'मसौदा दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं डीआरएम-बेस्ड डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम्स ऑडिट मैनुअल' (इसके बाद 'ड्राफ्ट डीआरएम ऑडिट मैनुअल' के रूप में संदर्भित) 9 अक्टूबर 2026 को जारी किया था। 'ड्राफ्ट डीआरएम ऑडिट मैनुअल' पर हितधारकों द्वारा टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों से टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की समय-सीमा बढ़ाने के संबंध में प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13 नवंबर 2026 तक बढ़ा दी गई थी।

3. अब, उपर्युक्त 'ड्राफ्ट डीआरएम ऑडिट मैनुअल' पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की समय-सीमा बढ़ाने के संबंध में हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को पुनः बढ़ाकर 19 नवंबर 2026 तक करने का निर्णय लिया गया है। टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की समय-सीमा में किसी और विस्तार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-3@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, डॉ. दीपाली शर्मा, सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष नंबर: +91-11-20907774 पर संपर्क किया जा सकता है।

17/11/2026

(हरिन्द्र कुमार)
सचिव भादूविप्रा